Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to provide a Sleeper Class coach and Chair Car Coach in Train No. 12571/12572 (Anand Vihar - Gorakhpur Humsafar Express) -laid.

श्री पंकज चौधरी (महाराजगंज): मेरे संसदीय क्षेत्र महराजगंज से होकर आनन्दविहार - गोरखपुर हमसफर एक्सप्रेस 12571/12572 गुजरती हैं । हमसफर एक्सप्रेस गाड़ियों में फ्लेक्सी फेयर सिस्टम होने के कारण किराया अन्य एक्सप्रेस /मेल यात्री गाड़ियों के सेकंड ए.सी. के किराये से भी अधिक हो जाता है । इसके अतिरिक्त अन्य एक्सप्रेस / मेल गाड़ियों में वरिष्ठ नागरिकों तथा गंभीर बीमरियों से पीड़ित मरीजों को यात्रा किराये में मिलने वाली छूट हमसफर एक्सप्रेस में नहीं मिलती है । जनपद महराजगंज से भारी संख्या में प्रतिदिन यात्रियों का आवागमन होता है । हमसफर गाड़ियों का किराया दर अधिक होने के कारण गरीब व्यक्ति, वरिष्ठ नागरिक तथा गंभीर बीमरियों से पीड़ित मरीज हमसफर एक्सप्रेस से यात्रा नहीं कर पाते हैं । मेरा अनुरोध है कि गरीबों, वरिष्ठ नागरिकों तथा गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों की सुविधा के लिए आनन्दविहार - गोरखपुर हमसफर एक्सप्रेस संख्या 12572/12571 में द्वितीय श्रेणी एक शयनयान तथा एक चेयरकार लगाया जाये ।